दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

तुपुदाना से 46 पेटी नकली शराब जब्त, गोदाम सील

/ तुपुदाना से 46 पेटी नकली शराब जब्त, गोदाम सील

Hatia News - तुपुदाना ओपी क्षेत्र के दसमाइल के किस्की रोड स्थित गोदाम से शनिवार को उत्पाद विभाग ने 46 पेटी नकली शराब जब्त की।...

Mar 04, 2018, 02:55 AM IST

तुपुदाना ओपी क्षेत्र के दसमाइल के किस्की रोड स्थित गोदाम से शनिवार को उत्पाद विभाग ने 46 पेटी नकली शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि इस गोदाम में दसमाइल के सौरभ साहू द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। इस गोदाम में पुलिस की अब तक यह तीसरी छापेमारी है। इससे पहले इस गोदाम से तीन ट्रक तथा सात पेटी अवैध शराब बरामद हो चुकी है। उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में गोदाम में छापा मारा गया।

छापामारी टीम में ये शामिल थे : छापामारी टीम में उत्पाद इंस्पेक्टर अजित कुमार, ओमप्रकाश, प्रवीण चौधरी, संजय कुमार, सन्नी तिर्की, कृष्ण प्रजापति सुमित षाड़ंगी, धुर्वा थाना प्रभारी तालकेश्वर राम, तुपुदाना प्रभारी प्रकाश यादव शामिल रहे। पुलिस के अनुसार इस गोदाम में बिना ब्रांड की शराब को ब्रांडेड बोतलों में सीलबंद किया जाता था। कार्यपालक दंडाधिकारी सागर कुमार द्वारा गोदाम को सील कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में स्थानीय लोगों से भी जानकारी ली।

Source: https://www.bhaskar.com/news/JHA-MAT-latest-hatia-news-025502-1206657-NOR.html